CAREERINDIA

# PAPER-II
# PUBLIC ADMINISTRATION

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : .............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

**D 1 4 1 4**

Time : **1 1/4** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

# PUBLIC ADMINISTRATION
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

1. Consider the following statements concerning deeply ingrained philosophical orientation and articulation of L.D. White :
   (i) He assumes that there is an essential unity in the process of administration.
   (ii) The study of Public Administration should start from foundation of law.
   (iii) Administration is still primarily an art, having significant tendency to transfer it into science.
   (iv) Administration is at the heart of the problems of modern government.
   Select the correct answer by using code given below :
   **Codes :**
   (A) (i), (ii) and (iii)    (B) (i), (iii) and (iv)
   (C) (ii), (iii) and (iv)    (D) (i), (ii) and (iv)

2. The New Public Administration is considered as anti-Positivist which means
   (A) It rejects the definition of Public Administration as 'value-free'.
   (B) It advocates for social change.
   (C) Realization of social equity is the purpose of Public Administration.
   (D) Meaningful studies in Public Administration.

3. Which one of the following is not a root of New Public Service Theory ?
   (A) Public Choice Theory
   (B) Theories of Democratic Citizenship
   (C) Models of Community and Civil Society
   (D) Organizational Humanism and Discourse Theory

4. 'Catalytic Government' is a feature of
   (A) Private Administration    (B) Entrepreneurial Government
   (C) New Public Administration    (D) Principal-Agent Relationship

5. Who of the following was acknowledged by Woodrow Wilson for his source of the idea of Politics-Administration dichotomy ?
   (A) Hamilton    (B) Bluntschili
   (C) Medison    (D) Bentham

# लोक प्रशासन

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक है । **सभी** प्रश्न अनिवार्य है ।

**1.** एल.डी. व्हाइट की गहन अन्तर्निहित दार्शनिक अभिव्यक्ति एवम् अनुकूलन के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(i) उनका मत है कि प्रशासन की प्रक्रिया में आवश्यक एकता होती है ।

(ii) लोक प्रशासन का अध्ययन विधि के आधार से आरम्भ होना चाहिए ।

(iii) प्रशासन अभी भी मुख्यत: एक कला है, परन्तु इसकी महत्त्वपूर्ण प्रवृत्ति इस कला को विज्ञान में परिवर्तित करना है ।

(iv) प्रशासन आधुनिक सरकार की समस्याओं के हृदय स्थल पर है ।

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii) और (iii) (B) (i), (iii) और (iv)

(C) (ii), (iii) और (iv) (D) (i), (ii) और (iv)

**2.** नव लोक प्रशासन निरपेक्षता विरोधी समझा जाता है जिसका अभिप्राय है :

(A) यह लोक प्रशासन की 'मूल्य-निरपेक्ष' के रूप में दी जाने वाली परिभाषा को अस्वीकार करता है ।

(B) यह सामाजिक परिवर्तन का समर्थन करता है ।

(C) सामाजिक समता स्थापित करना लोक प्रशासन का उद्देश्य है ।

(D) लोक प्रशासन में सार्थक अध्ययन ।

**3.** निम्न में कौन सा एक नव लोक सेवा सिद्धान्त का मूलाधार नहीं है ?

(A) लोक चयन सिद्धान्त

(B) प्रजातान्त्रिक नागरिकता का सिद्धान्त

(C) सामुदायिक एवं नागरिक समाज के प्रारूप

(D) संगठनीय मानववाद एवं डिसकोर्स थ्योरी

**4.** 'उत्प्रेरक सरकार' निम्नलिखित में से किसकी विशेषता है ?

(A) निजी प्रशासन (B) उद्यमी सरकार

(C) नव लोक प्रशासन (D) प्रमुख - अभिकर्ता संबंध

**5.** वुडरो विल्सन ने अपने राजनीति - प्रशासन द्विविभाजन के विचार के स्रोत के रूप में निम्नलिखित में से किसे स्वीकार किया है ?

(A) हैमिल्टन (B) ब्लंटशली

(C) मेडिसन (D) बेन्थम

**6.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from codes given below :

| | **List – I (Authors)** | | **List – II (Books)** |
|---|---|---|---|
| a. | Herbert Simon | (i) | Dynamic Administration |
| b. | M.P. Follet | (ii) | Human Problems of Industrial Civilization |
| c. | Elton Mayo | (iii) | Fundamental Research in Administration |
| d. | R. Likert | (iv) | New Patterns of Management |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**7.** "Before a Science can develop principles, it must possess concepts." This statement is made by

(A) Chester Barnard
(B) Herbert Simon
(C) Chris Argyris
(D) Rensis Likert

**8.** What is not true regarding the Theory – X ?

(i) Subordinates have little participation in seeking the organizational goals.
(ii) The communication is both upward and downward.
(iii) The control is internal, based on self-consciousness.
(iv) The focus of performance appraisal is on fault-finding.

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii) and (iii)
(B) (ii) and (iii)
(C) (i) and (iv)
(D) (ii), (iii) and (iv)

**9.** Arrange the major works of McGregor in a chronological order (ascending) of publication.

I. The Professional Manager
II. The Human Side of Enterprises
III. Leadership and Motivation

Select the correct answer from the codes below :

**Codes :**

(A) III, I, II
(B) I, II, III
(C) II, III, I
(D) II, I, III

**6.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए । नीचे दिये गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची – I (लेखक)** | | **सूची – II (पुस्तकें)** |
|---|---|---|---|
| a. | हर्बर्ट साइमन | (i) | डायनेमिक एडमिनिस्ट्रेशन |
| b. | एम.पी. फोलेट | (ii) | ह्यूमन प्रॉब्लम्स ऑफ इंडस्ट्रियल सिविलाइजेशन |
| c. | एल्टन मेयो | (iii) | फन्डामेन्टल रिसर्च इन एडमिनिस्ट्रेशन |
| d. | आर. लिकर्ट | (iv) | न्यू पैटर्न्स ऑफ मैनेजमेन्ट |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**7.** "इससे पहले कि विज्ञान सिद्धान्त का विकास करे, इसकी अवधारणा अवश्य होनी चाहिए ।" यह कथन किसका है ?

(A) चेस्टर बर्नार्ड
(B) हर्बर्ट साइमन
(C) क्रिस आर्गिरिस
(D) रेनिस लिकर्ट

**8.** सिद्धान्त – X के बारे में निम्न में से क्या सही नहीं है ?

(i) संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने में अधीनस्थ कर्मचारियों की भागीदारी बहुत कम होती है ।
(ii) संचार ऊर्ध्वगामी तथा अधोगामी दोनों होता है ।
(iii) नियंत्रण आन्तरिक तथा आत्म-चेतना आधारित होता है ।
(iv) कार्य-निष्पादन मूल्यांकन का संकेन्द्रण छिद्रान्वेषण पर होता है ।

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii) और (iii)
(B) (ii) और (iii)
(C) (i) और (iv)
(D) (ii), (iii) और (iv)

**9.** मैकग्रेगर की प्रमुख रचनाओं को प्रकाशन के आरोही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. द प्रोफेशनल मैनेजर
II. द ह्यूमन साइड़ ऑफ एण्टरप्राइजेज
III. लीडरशिप एण्ड मोटिवेशन

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) III, I, II
(B) I, II, III
(C) II, III, I
(D) II, I, III

**10.** Which of the following styles is not described in the Management Grid Theory of Blake and Mouton ?

(A) (9.9) – Team Management

(B) (1.9) – Country Club Management

(C) (9.1) – Task Management

(D) (1.1) – Consultative Management

**11.** A formal organization is mainly concerned with

(A) Satisfaction of organizational members

(B) Profitability of enterprises

(C) Service to the society

(D) Harmonious relations within organization

**12.** Consider the following statements about Henry VIII Clause in Britain :

(i) It gave power to the king to legislate by proclamation.

(ii) It has not been used in Britain since 1900.

(iii) Such Act resembles the Statute of Proclamation 1539.

(iv) The Donoughmore Committee on Minister's powers called for discontinuance of Henry VIII Clause.

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i) and (iii) (B) (i), (ii) and (iii)

(C) (i), (ii) and (iv) (D) (i), (iii) and (iv)

**13.** Which of the following statements about legislative control over administration in U.S.A. are correct ?

(i) Congress defines the organization, powers and duties of Administrative authorities.

(ii) It appoints Legislative Committees for investigation of Administrative lapses.

(iii) Legislative confirmation of appointments to certain high-ranking posts is a pre-requisite.

(iv) All international treaties come into force only after the ratification by the Congress.

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii) and (iv) (B) (i), (ii) and (iii)

(C) (i), (ii) and (iv) (D) (ii), (iii) and (iv)

**14.** 'The extent to which formally differentiated structures of a diffracted society co-exist with undifferentiated structures of a fused type' is called

(A) Heterogeneity (B) Formalism

(C) Overlapping (D) Poly-communalism

**10.** ब्लैक तथा माउटन के नेतृत्व के प्रबंधक ग्रिड सिद्धान्त में निम्नलिखित में से किस शैली का वर्णन नहीं है ?

(A) (9.9) – टीम प्रबन्धन

(B) (1.9) – कंट्री क्लब प्रबन्धन

(C) (9.1) – कार्य प्रबन्धन

(D) (1.1) – परामर्शवादी प्रबन्धन

**11.** एक औपचारिक संगठन मुख्यत: निम्नलिखित में से किससे संबंधित होता है ?

(A) संगठनात्मक सदस्यों की संतुष्टि

(B) उद्यमों को लाभ

(C) समाज के प्रति सेवा

(D) संगठन के भीतर सौहार्दपूर्ण संबंध

**12.** ब्रिटेन में हेनरी VIII क्लॉज के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(i) इसने सम्राट को उद्घोषणा के द्वारा कानून बनाने का अधिकार दिया ।

(ii) वर्ष 1900 से ब्रिटेन में इसका उपयोग नहीं हुआ है ।

(iii) यह अधिनियम 1539 की उद्घोषणा विधि से मिलता-जुलता है ।

(iv) मन्त्रियों की शक्ति सम्बन्धी डोनोमोर समिति हेनरी VIII क्लॉज की समाप्ति के लिए बुलायी गयी थी ।

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i) और (iii)
(B) (i), (ii) और (iii)
(C) (i), (ii) और (iv)
(D) (i), (iii) और (iv)

**13.** संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रशासन संबंधी विधायी नियंत्रण के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं ?

(i) कांग्रेस प्रशासनिक प्राधिकरणों के संगठन, शक्तियों एवं कर्तव्यों को परिभाषित करती है ।

(ii) यह प्रशासनिक भूल-चूक की जाँच के लिए विधायी समितियों की नियुक्ति करता है ।

(iii) कतिपय उच्च ओहदे वाले पदों की नियुक्ति के लिए विधायी संपुष्टि एक पूर्वापेक्षा है ।

(iv) सभी अंतर्राष्ट्रीय संधियाँ कांग्रेस द्वारा अनुसमर्थन के बाद ही लागू होती हैं ।

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii) और (iv)
(B) (i), (ii) और (iii)
(C) (i), (ii) और (iv)
(D) (ii), (iii) और (iv)

**14.** 'जिस सीमा तक किसी विवर्तित समाज का औपचारिक रूप से विभेदीकृत संरचना समेकित प्रकार के अविभेदीकृत संरचना के साथ सहवर्ती होता है' उसे निम्नलिखित में क्या कहा जाता है ?

(A) विजातीयता
(B) औपचारिकतावाद
(C) अतिव्यापन
(D) बहु-साम्प्रदायिकता

**15.** Great Britain became the first country to develop a democratic code for civil services that is characterized by

(i) Loyalty (ii) Secrecy

(iii) Neutrality (iv) Anonymity

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii) and (iii) (B) (ii), (iii) and (iv)

(C) (i), (ii), (iii) and (iv) (D) (i), (ii) and (iv)

**16.** Which of the following Committee for the first time examined the role of training for civil servants in U.K. ?

(A) Masterman Committee (B) Brownlow Committee

(C) Assheton Committee (D) Fulton Committee

**17.** The IMF promotes the use of fiscal reform to address environmental problems through

(i) Analytical work (ii) Technical assistance

(iii) Outreach activities (iv) Controlling energy prices

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i) and (ii) (B) (i), (ii) and (iii)

(C) (i), (ii), (iii) and (iv) (D) (ii) and (iv)

**18.** Which of the following is not the feature of Development Administration ?

(i) It is people oriented. (ii) It is change oriented.

(iii) It is unresponsive. (iv) It promotes status quo.

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii) and (iii) (B) (ii), (iii) and (iv)

(C) (i) and (ii) (D) (iii) and (iv)

**19.** "All major decisions involving important deviation from the policy or where the policy is not clear should be reduced to writing with reasons attached." This recommendations was made by

(A) First Administrative Reforms Commission

(B) Second Administrative Reforms Commission

(C) K. Santhanam Committee

(D) None of the above

**15.** ग्रेट ब्रिटेन नागरिक सेवाओं के लिए लोकतंत्रीय संहिता का निर्माण करने वाला पहला देश बना, जिसकी विशेषताएँ निम्नलिखित में से कौन-कौन सी हैं ?

(i) निष्ठा
(ii) गोपनीयता
(iii) तटस्थता
(iv) अनामता

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii) और (iii)
(B) (ii), (iii) और (iv)
(C) (i), (ii), (iii) और (iv)
(D) (i), (ii) और (iv)

**16.** निम्न में से किस समिति ने पहली बार यू.के. में लोकसेवकों के लिए प्रशिक्षण की भूमिका का परीक्षण किया ?

(A) मास्टरमैन समिति
(B) ब्राउनलो समिति
(C) एसीटन समिति
(D) फुल्टन समिति

**17.** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष पर्यावरण संबंधी समस्याओं को हल करने के लिए वित्तीय सुधार का उपयोग निम्न में से किसके माध्यम से प्रोत्साहित करता है ?

(i) विश्लेषणात्मक कार्य
(ii) तकनीकी सहायता
(iii) व्यापक क्षेत्र तक व्याप्त कार्यकलाप
(iv) ऊर्जा कीमतों का नियंत्रण

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i) और (ii)
(B) (i), (ii) और (iii)
(C) (i), (ii), (iii) और (iv)
(D) (ii) और (iv)

**18.** निम्नलिखित में से कौन सी विकास प्रशासन की मुख्य विशेषता नहीं है ?

(i) यह जनोन्मुखी है ।
(ii) यह परिवर्तनोन्मुखी है ।
(iii) यह अनुक्रियाशील नहीं है ।
(iv) यह यथास्थिति को बढ़ावा देता है ।

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii) और (iii)
(B) (ii), (iii) और (iv)
(C) (i) और (ii)
(D) (iii) और (iv)

**19.** "ऐसे महत्त्वपूर्ण निर्णय जिनमें नीति से महत्त्वपूर्ण विचलन शामिल है अथवा जहाँ नीति स्पष्ट नहीं है, उनके कारण लिखकर उसमें संलग्न किया जाना चाहिए" – यह सिफारिश निम्नलिखित में से किसने की थी ?

(A) प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग
(B) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग
(C) के. संथानम समिति
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

CAREERINDIA

**20.** What is correct about the constraints of Development Administration in developing countries ?

(i) Political Instability (ii) Lack of Resources

(iii) Committed Bureaucracy (iv) Cultural Hesitants

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii) and (iii) (B) (i), (ii) and (iv)

(C) (ii), (iii) and (iv) (D) (i), (iii) and (iv)

**21.** Which of the following are the recommendations of the 2nd ARC regarding allocation and discharge of work by a State Secretariat ?

(i) Allocation of work to different departments should be based on the analysis of task to be performed by the government.

(ii) Ideally each of the secretariat departments should deal with inter-related and more or less homogeneous segment of administrative activities.

(iii) It should provide for an in-built mechanism for coordination of policies and programmes.

(iv) There should be larger delegation of power to the executive agencies/departments.

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii) and (iv) (B) (i), (ii) and (iv)

(C) (ii) and (iv) (D) (i), (ii) and (iii)

**22.** Which of the following are the primary functions of the State Secretariat ?

(i) Carrying out regulatory work.

(ii) Drafting legislations, rules and regulations.

(iii) Issuing detailed implementation strategy.

(iv) Carrying out interdepartmental coordination.

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii) and (iv) (B) (i), (ii) and (iii)

(C) (i), (ii) and (iv) (D) (i), (iii) and (iv)

**23.** Which article of the Constitution of India empowers the Governor of the State to appoint Advocate General for the State ?

(A) Article 153 (B) Article 155

(C) Article 164 (D) Article 165

CAREERINDIA

**20.** विकासशील देशों में विकास प्रशासन की अड़चनों के विषय में क्या सही है ?

(i) राजनीतिक अस्थिरता
(ii) संसाधनों का अभाव
(iii) प्रतिबद्ध नौकरशाही
(iv) सांस्कृतिक अवरोधक

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii) और (iii)
(B) (i), (ii) और (iv)
(C) (ii), (iii) और (iv)
(D) (i), (iii) और (iv)

**21.** राज्य सचिवालय द्वारा कार्य के आवंटन एवं निर्वहन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सी द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिशें हैं ?

(i) विभिन्न विभागों को कार्यों का आवंटन सरकार द्वारा निष्पादित किए जाने वाले कार्यों के विश्लेषण के आधार पर होना चाहिए ।

(ii) आदर्शत: प्रत्येक सचिवालयीय विभाग को अंतर-संबंधित एवं कुछ अंश तक एक समान प्रशासनिक गतिविधियों का संव्यवहार करना चाहिए ।

(iii) इसे नीतियों एवं कार्यक्रमों के समन्वय के लिए अंतर्निहित तंत्र मुहैया कराना चाहिए ।

(iv) कार्यकारी एजेंसियों/विभागों को शक्ति का अत्यधिक प्रत्यायोजन होना चाहिए ।

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii) और (iv)
(B) (i), (ii) और (iv)
(C) (ii) और (iv)
(D) (i), (ii) और (iii)

**22.** निम्नलिखित में से कौन से राज्य सचिवालय के प्राथमिक कार्य हैं ?

(i) विनियामक कार्य को निष्पादित करना ।
(ii) विधानों, नियमों और विनियमों का प्रारूप तैयार करना ।
(iii) विस्तृत कार्यान्वयन कार्यनीति को निर्गत करना ।
(iv) अन्तर-विभागीय समन्वय को निष्पादित करना ।

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii) और (iv)
(B) (i), (ii) और (iii)
(C) (i), (ii) और (iv)
(D) (i), (iii) और (iv)

**23.** भारत के संविधान का कौन सा अनुच्छेद राज्यपाल को राज्य में महाअधिवक्ता नियुक्त करने का अधिकार देता है ?

(A) अनुच्छेद 153
(B) अनुच्छेद 155
(C) अनुच्छेद 164
(D) अनुच्छेद 165

CAREERINDIA

**24.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from codes given below :

| | List – I (Lok Pal Bill) | | List – II (Date of Passing) |
|---|---|---|---|
| a. | Introduced in Lok Sabha | (i) | 22 December, 2011 |
| b. | Re-introduced in Lok Sabha | (ii) | 10 December, 2012 |
| c. | Passed by Lok Sabha | (iii) | 18 December, 2013 |
| d. | Passed by Rajya Sabha | (iv) | 17 December, 2013 |
| | | (v) | 4 August, 2011 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (v) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**25.** Which of the following documents are presented to the Parliament along with the budget ?

(i) Economic Survey
(ii) An explanatory memorandum on the budget
(iii) A summary of demands for grants
(iv) An Appropriation Bill
(v) A Finance Bill

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv) and (v)
(B) (ii), (iii), (iv) and (v)
(C) (i), (ii), (iii) and (iv)
(D) (ii), (iii), (iv) and (i)

**26.** **Assertion (A) :** The Public Accounts Committee is sometime described as the 'twin-sister' of the Estimate Committee.

**Reason (R) :** The work of the Public Accounts Committee and the Estimate Committee is complementary.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**27.** **Assertion (A) :** The Constitution of India has empowered the Parliament to establish a Contingency Fund of India.

**Reason (R) :** The purpose of the Contingency Fund is to enable the Government to meet any unforeseen expenditure.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**24.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए । नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची – I (लोकपाल विधेयक)** | | **सूची – II (पारित करने का समय)** |
|---|---|---|---|
| a. | लोक सभा में प्रस्तुत किया गया । | (i) | 22 दिसम्बर, 2011 |
| b. | लोक सभा में पुन: प्रस्तुत किया गया । | (ii) | 10 दिसम्बर, 2012 |
| c. | लोक सभा द्वारा पारित किया गया । | (iii) | 18 दिसम्बर, 2013 |
| d. | राज्य सभा द्वारा पारित किया गया | (iv) | 17 दिसम्बर, 2013 |
| | | (v) | 4 अगस्त, 2011 |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (v) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**25.** बजट के साथ निम्न में से कौन से प्रपत्र संसद में प्रस्तुत किये जाते हैं ?

(i) आर्थिक सर्वेक्षण
(ii) बजट पर व्याख्यात्मक स्मरणपत्र
(iii) अनुदान की माँगों का सार
(iv) विनियोग विधेयक
(v) वित्त विधेयक

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv) और (v)
(B) (ii), (iii), (iv) और (v)
(C) (i), (ii), (iii) और (iv)
(D) (ii), (iii), (iv) और (i)

**26.** **अभिकथन (A) :** लोक लेखा समिति को कभी-कभी अनुमान समिति की 'जुड़वा बहन' बताया जाता है ।

**तर्क (R) :** लोक लेखा समिति एवं अनुमान समिति का कार्य अनुपूरक है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**27.** **अभिकथन (A) :** भारत के संविधान द्वारा संसद को भारत की आकस्मिक निधि की स्थापना करने की शक्ति प्रदान की गयी है ।

**तर्क (R) :** आकस्मिक निधि का उद्देश्य सरकार को किसी अप्रत्याशित व्यय की आवश्यकता को पूरा करना है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**28.** In second performance audit report of Comptroller and Auditor General of India 2013 regarding Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MNREGS) which factor has not been high-lighted ?

(A) Skill-enhancement (B) Mismanagement

(C) Institutional incapacity (D) Lack of Public Awareness

**29.** On which of the following grounds the facts can be considered as the productive of theory ?

(i) Facts help to initiate theories.

(ii) Facts lead to the reformation of existing theory.

(iii) Facts change the focus and orientation of theory.

(iv) Facts cause the rejection of theories which do not fit the facts.

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i) and (ii) (B) (i), (iii) and (iv)

(C) (ii), (iii) and (iv) (D) (i), (ii), (iii) and (iv)

**30.** Who stated that "Science is for life; not life for Science" ?

(A) Robert S. Lynd (B) Morris Cohen

(C) Karl Pearson (D) John Dixie

**31.** Explain the purpose of using lottery method in sampling.

(A) Theorisation (B) Interpretation

(C) Randomization (D) Conceptualisation

**32.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Dereservation | (i) | 1991 |
| b. | Sick Unit (Act) | (ii) | 1988 |
| c. | Golden Handshake Policy | (iii) | 1985 |
| d. | Navratnas | (iv) | 1997 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

CAREERINDIA

**28.** नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा) के बारे में द्वितीय कार्य निष्पादन लेखा-परीक्षा प्रतिवेदन में निम्नलिखित में से किस कारक को उजागर नहीं किया गया है ?

(A) कौशल संवर्द्धन
(B) कुप्रबन्धन
(C) संस्थागत अक्षमता
(D) जनजागरूकता का अभाव

**29.** निम्न में से कौन से तथ्य सिद्धान्त निर्माण के लिए विचारणीय हो सकते हैं ?

(i) तथ्य सिद्धान्तों को प्रारंभ करने में सहायक होते हैं ।
(ii) तथ्य विद्यमान सिद्धान्तों में सुधारों की ओर ले जाते हैं ।
(iii) तथ्य सिद्धान्तों के आधार एवं केन्द्र को बदलते हैं ।
(iv) तथ्य उन सिद्धान्तों की अस्वीकृति का कारण बनते हैं जो तथ्यों के साथ उचित समाहित नहीं होते हैं ।

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i) और (ii)
(B) (i), (iii) और (iv)
(C) (ii), (iii) और (iv)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

**30.** 'विज्ञान जीवन के लिए है, जीवन विज्ञान के लिए नहीं ।' यह कथन किसका है ?

(A) रॉबर्ट एस. लिंड
(B) मॉरिस कोहेन
(C) कार्ल पीयरसन
(D) जॉन डिक्से

**31.** निम्न में से किसके उद्देश्य हेतु प्रतिदर्श चयन में लाटरी विधि का उपयोग किया जाता है ।

(A) सिद्धान्तीकरण
(B) निर्वचन
(C) यादृच्छिकीकरण
(D) प्रत्ययवाद

**32.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए । नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| a. | अनारक्षण | (i) | 1991 |
| b. | रूग्ण इकाई अधिनियम | (ii) | 1988 |
| c. | गोल्डन हैण्डसेक नीति | (iii) | 1985 |
| d. | नवरत्न | (iv) | 1997 |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**33.** Which of the following are the objectives of disinvestment policy ?

(i) To ensure better customer service.

(ii) To make effective use of disinvestment funds.

(iii) To focus more on social development.

(iv) To improve effectiveness of the public sector.

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii) and (iv)
(B) (i), (ii) and (iii)
(C) (ii) and (iii)
(D) (ii), (iii) and (iv)

**34.** 'Central Board of Direct Taxes should be an autonomous body independent of the Ministry of Finance.' This recommendation was made by

(A) Wanchoo Committee 1971

(B) Estimates Committee 1991 – 1992

(C) Choksi Committee 1978

(D) Expenditure Reforms Commission 1999 – 2000

**35.** Which of the following are the functions of the Department of Expenditure in the Ministry of Finance ?

(i) Pre-sanction appraisal of major schemes/projects.

(ii) Implementation of the recommendations of the Finance Commission.

(iii) Assisting Central Ministries/Departments in controlling the costs and prices of Public Services.

(iv) Reviewing systems and procedures to optimize outputs and outcomes of public expenditure.

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii) and (iv)
(B) (ii) and (iii)
(C) (iii) and (iv)
(D) (i), (ii) and (iv)

**36.** Which one of the following is not the merit of disinvestment ?

(A) In Public Sector the decision making process is quick and decisions are linked with the competitive market changes.

(B) The market participation in capital of PSUs through stock exchanges would evaluate the market to discover the Latent Worth of PSUs.

(C) Selling of profit-making and dividend paying PSUs would result in loss of regular source of income to the government.

(D) The disinvestment process would bring in better corporate governance, exposure to competitive corporate responsibility etc.

**33.** निम्नलिखित में से कौन से विनिवेश नीति के उद्देश्य हैं ?

(i) बेहतर उपभोक्ता सेवा सुनिश्चित करना ।

(ii) विनिवेश निधियों का प्रभावी प्रयोग करना ।

(iii) सामाजिक विकास पर और अधिक ध्यान देना ।

(iv) सार्वजनिक क्षेत्र की प्रभाविकता में सुधार करना ।

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii) और (iv)
(B) (i), (ii) और (iii)
(C) (ii) और (iii)
(D) (ii), (iii) और (iv)

**34.** केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को वित्त मंत्रालय से स्वतंत्र एक स्वायत्त निकाय होना चाहिए, यह अनुशंसा निम्न में से किसने की थी ?

(A) वांचू समिति 1971

(B) प्राक्कलन समिति 1991-92

(C) चौकसी समिति 1978

(D) व्यय सुधार आयोग 1999 - 2000

**35.** वित्त मंत्रालय का व्यय विभाग निम्न में से कौन-कौन से कार्य करता है ?

(i) प्रमुख योजनाओं / परियोजनाओं का पूर्वानुमोदित मूल्यांकन ।

(ii) वित्त आयोग की अनुशंशाओं का कार्यान्वयन ।

(iii) सार्वजनिक सेवाओं की लागत और मूल्य को नियंत्रित करने में केन्द्रीय मंत्रालयों / विभागों की सहायता करना ।

(iv) सार्वजनिक व्यय के निर्गमों और परिणामों को अधिकतम करने के लिए व्यवस्थाओं एवं कार्यविधियों की समीक्षा करना ।

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii) और (iv)
(B) (ii) और (iii)
(C) (iii) और (iv)
(D) (i), (ii) और (iv)

**36.** निम्न में से कौन सा एक विनिवेश का गुण नहीं है ?

(A) सार्वजनिक क्षेत्र में निर्णय प्रक्रिया तीव्र होती है तथा निर्णय प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में परिवर्तनों से जुड़े रहते हैं ।

(B) स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की पूँजी में बाजार की भागीदारी द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की उपयोगिता की खोज में बाजार का मूल्यांकन करना ।

(C) लाभदायक एवं लाभांश देने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के विक्रय से सरकार के आय के नियमित स्रोत नुकसान में रहेंगे ।

(D) विनिवेश प्रक्रिया से बेहतर निगमित शासन, प्रतिस्पर्धात्मक निगमित दायित्वों को प्रकट करना इत्यादि संभव होगा ।

CAREERINDIA

**37.** In which year, the Department of Disinvestment was set up as a separate department ?

(A) December 10, 1999 (B) September 6, 1999

(C) September 6, 2001 (D) May 27, 2004

**38.** The Ministry of Finance of Government of India consists of

(A) 7 Departments (B) 6 Departments

(C) 5 Departments (D) 4 Departments

**39.** **Assertion(A) :** Social Welfare is an organized system of Social Services.

**Reason (R) :** Social Welfare includes the intent to strengthen individual's capacity to cope with their life situation.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**40.** Match List – I with List – II and answer from codes :

| | **List – I (Government of India Scheme)** | | **List – II (Year of Introduction)** |
|---|---|---|---|
| a. | Janani Suraksha Yojana | (i) | 2010 |
| b. | Pradhan Mantri Adarsa Grama Yojana | (ii) | 2001 |
| c. | Rastriya Krishi Vikas Yojana | (iii) | 2005 |
| d. | Sampoorna Grameen Rozgar Yojana | (iv) | 2006 |
| | | (v) | 2007 |

careerindia.c

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |

**41.** Which of the following is not under the administrative control of the Ministry of Social Justice and Empowerment ?

(A) Minorities Commission

(B) National Institute of Social Defence

(C) National Institute of Public Cooperation and Child Development.

(D) National Commission for Women.

**37.** निम्न में से किस वर्ष में विनिवेश विभाग को पृथक् विभाग के रूप में स्थापित किया गया था ?

(A) 10 दिसम्बर, 1999 (B) 6 सितम्बर, 1999

(C) 6 सितम्बर, 2001 (D) 27 मई, 2004

**38.** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में निम्न में से कितने विभाग हैं ?

(A) 7 विभाग (B) 6 विभाग

(C) 5 विभाग (D) 4 विभाग

**39.** **अभिकथन (A) :** समाज कल्याण समाज सेवाओं की एक संगठित व्यवस्था है ।

**तर्क (R) :** समाज कल्याण में अपने जीवन की परिस्थितियों से निपटने की व्यक्ति की सामर्थ्य को सशक्त करने की इच्छा सम्मिलित होती है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**40.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए । नीचे दिये गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (भारत सरकार की योजनाएँ)** | | **सूची – II (प्रवर्तन का वर्ष)** | |
|---|---|---|---|
| a. | जननी सुरक्षा योजना | (i) | 2010 |
| b. | प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना | (ii) | 2001 |
| c. | राष्ट्रीय कृषि विकास योजना | (iii) | 2005 |
| d. | सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना | (iv) | 2006 |
| | | (v) | 2007 |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |

**41.** निम्नलिखित में कौन सा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में नहीं है ?

(A) अल्पसंख्यक आयोग

(B) राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान

(C) राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान

(D) राष्ट्रीय महिला आयोग

careerindia.

**42.** The Government grants recognition to an association of employees only when the following conditions are fulfilled :

(i) It should consist of government employees.

(ii) Its executive should be amongst its members only.

(iii) It should be neutral politically.

(iv) It should not entertain individual cases.

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii) and (iii)
(B) (i), (iii) and (iv)
(C) (ii), (iii) and (iv)
(D) (i), (ii), (iii) and (iv)

**43.** "Motivation is a general term applying to the entire class of drives, desires, needs, wishes and similar forces."

This statement belongs to :

(A) Koontz O' Donnell
(B) A.H. Maslow
(C) Frederick Herzberg
(D) Douglas McGregor

**44.** Fifth Pay Commission recommended reduction of quantum of work by way of :

(i) Passing on certain task to State Governments.

(ii) Transferring certain task to Corporate entities in Public Sector.

(iii) Contracting out certain task to Private Sector.

(iv) Converting some institutions into autonomous bodies.

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii) and (iv)
(B) (i), (ii) and (iii)
(C) (i), (ii) and (iv)
(D) (ii), (iii) and (iv)

**45.** The Foundational training of the IAS does not aim at –

(A) strengthening the understanding of the Political, Social environment in which an IAS Officer has to work.

(B) to develop values, ideas and attributes expected of an IAS Officer.

(C) emphasizing the understanding of public systems and their management.

(D) providing them inputs in Weaker Section Finance.

**42.** सरकार कर्मचारियों के एक संघ को केवल तभी मान्यता देती है जब निम्नलिखित शर्तें पूरी होती हैं :

(i) इसमें सरकारी कर्मचारी होने चाहिए ।

(ii) इसके कार्यकारी सदस्यों में केवल इसके सदस्य होने चाहिए ।

(iii) यह राजनैतिक रूप से तटस्थ होनी चाहिए ।

(iv) इसे वैयक्तिक मामलों पर ध्यान नहीं देना चाहिए ।

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii) और (iii)
(B) (i), (iii) और (iv)
(C) (ii), (iii) और (iv)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

**43.** "अभिप्रेरणा एक सामान्य शब्द है जिसका प्रयोग उत्प्रेरकों, कामनाओं, आवश्यकताओं, इच्छाओं की सम्पूर्ण श्रेणी और समान शक्तियों के लिए किया जाता है ।"

यह कथन निम्न में से किसका है ?

(A) कून्टज ओ' डोनेल
(B) ए.एच. मैस्लो
(C) फ्रेडरिक हर्जबर्ग
(D) डगलस मैकग्रेगर

**44.** पाँचवें वेतन आयोग ने कार्य के परिमाण में किस प्रकार से कमी की सिफारिश की थी ?

(i) राज्य सरकारों को कतिपय कार्य अन्तरित करके ।

(ii) सार्वजनिक क्षेत्र में निगमित इकाइयों को कतिपय कार्य अन्तरित करके ।

(iii) निजी क्षेत्र को कतिपय कार्य के ठेके प्रदान करके ।

(iv) कुछ संस्थाओं को स्वायत्त निकायों में परिवर्तित करके ।

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii) और (iv)
(B) (i), (ii) और (iii)
(C) (i), (ii) और (iv)
(D) (ii), (iii) और (iv)

**45.** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई ए एस) के आधारभूत प्रशिक्षण का लक्ष्य यह नहीं है :

(A) ऐसे राजनीतिक, सामाजिक वातावरण की समझ-बूझ सुदृढ़ करना जिसमें किसी भारतीय प्रशासनिक अधिकारी को काम करना है ।

(B) उन मूल्यों, विचारों एवं गुणों को विकसित करना जिनकी अपेक्षा एक आई ए एस अधिकारी से की जाती है ।

(C) लोक प्रणाली तथा उनके प्रबंध की समझ-बूझ सुदृढ़ करना ।

(D) कमजोर वर्ग के वित्त के बारे में उन्हें जानकारी प्रदान करना ।

CAREERINDIA

**46.** Which of the following match is wrong regarding the Committees and Commissions on Urban Local Governments ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Rural Urban Relationship | – | A.P. Jain |
| (B) | National Commission on Urbanization | – | C.M. Correa |
| (C) | Study Group on Constitution, Powers and Laws of Urban Local Bodies and Municipal Corporations | – | K.N. Sahaya |
| (D) | Committee on Budgetary Reform in Municipal Administration | – | Rafiq Zakaria |

**47.** Which one of the following is not true about the compulsory provisions made under $73^{rd}$ Constitutional Amendment Act for Rural Local Government Institutions ?

(A) Indirect elections to the post of Chairman at the intermediate and apex tiers.

(B) Tenure of PRIs fixed at five years.

(C) Giving voting rights to MPs and MLAs in Rural Local Bodies.

(D) Creation of a State Election Commission.

**48.** At present which of the following is dealt by Central Council of Local Government ?

(A) Matters of Rural Local Government only.

(B) Matters of Urban Local Government only.

(C) Matters of Rural and Urban Local Governments both.

(D) Matters of Semi-Urban Local Governments.

**49.** Which of the following statements about the Local Bodies are correct ?

(i) There is no synchronization of the period of recommendations of State and Central Finance Commissions.

(ii) Powers, authority and responsibilities of the Local Bodies lack clarity.

(iii) Poor revenue efforts by the PRIs.

(iv) Lack of administrative machinery for collection of taxes.

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(A) (i) and (ii) (B) (i), (ii) and (iii)

(C) (i), (ii), (iii) and (iv) (D) (iii) and (iv)

**50.** Which of the following Commission/Committee recommended that "There should be an integrated governing structure at the district level in the form of the 'District Council' with representation from both urban and rural areas." ?

(A) First ARC (B) Second ARC

(C) L.K. Jha Committee (D) G.V.K. Rao Committee

CAREERINDIA

**46.** नगरीय स्थानीय सरकारों संबंधी समितियों एवं आयोगों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा गलत रूप में सुमेलित है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | ग्रामीण शहरी संबंध | – | ए.पी. जैन |
| (B) | राष्ट्रीय शहरीकरण आयोग | – | सी.एम. कोरिया |
| (C) | शहरी स्थानीय निकाय और नगर निगमों का संघटन अधिकारों और विधियों संबंधी अध्ययन समूह | – | के.एन. सहाय |
| (D) | नगरपालिका प्रशासन में बजटीय सुधार संबंधी समिति | – | रफीक ज़कारिया |

**47.** ग्रामीण स्थानीय सरकारी संस्थानों के लिए 73वें संविधान संशोधन अधिनियम में किए गए अनिवार्य प्रावधानों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) मध्यस्थ तथा शीर्ष स्तरों पर अध्यक्ष के पद पर अप्रत्यक्ष चुनाव ।

(B) पंचायती राज संस्थाओं के कार्यकाल को पाँच वर्ष निर्धारित किया जाना ।

(C) सांसदों तथा विधायकों को ग्रामीण स्थानीय निकायों में मतदान का अधिकार देना ।

(D) राज्य निर्वाचन आयोग का सृजन ।

**48.** इस समय स्थानीय शासन की केन्द्रीय परिषद निम्नलिखित में से किन मामलों को देखती है ?

(A) केवल ग्रामीण स्थानीय शासन के मामले

(B) केवल शहरी स्थानीय शासन के मामले

(C) ग्रामीण तथा शहरी दोनों के स्थानीय शासन के मामले

(D) अर्द्ध-शहरी स्थानीय शासन के मामले

**49.** स्थानीय निकायों के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं ?

(i) राज्य और केन्द्रीय वित्त आयोगों की सिफारिशों की समकालिक अवधि नहीं है ।

(ii) स्थानीय निकायों की शक्तियों, अधिकारों और उत्तरदायित्वों में स्पष्टता की कमी है ।

(iii) पंचायती राज संस्थाओं द्वारा राजस्व के लिए अल्प प्रयास

(iv) करों के संग्रहण के लिए प्रशासनिक तंत्र की कमी

नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i) और (ii) (B) (i), (ii) और (iii)

(C) (i), (ii), (iii) और (iv) (D) (iii) और (iv)

**50.** निम्नलिखित में से किस आयोग/समिति ने यह सिफारिश की है कि "जिला परिषद् के रूप में जिला स्तर पर एक ऐसी समेकित शासन संरचना होनी चाहिए जिसमें शहरी तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व हो" ?

(A) प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग (B) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग

(C) एल.के. झा समिति (D) जी.वी.के. राव समिति

**Space For Rough Work**

www.careerindia.com